भारतीय फ़िल्म और टेलीविज़न संस्थान

पुणे

वार्षिक रिपोर्ट

2015 - 16

विषयसूची

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	संगठन...	01
2.	वर्ष की प्रमुख घटनाएँ..	02
3.	अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोहों में आमंत्रण..	04
4.	फ़िल्म समारोह में सहभागिता...	05
5.	पुरस्कार..	07
6.	प्रवेश... i) पाठ्यक्रम के अनुसार उम्मीदवारों का चयन और पाठ्यक्रमों का आरम्भ.......... ii) रोल पर छात्र	12 12 13
7.	छात्र फ़िल्में	14
8.	फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम..	14
9.	टेलीविज़न स्कन्ध - अल्पावधि पाठ्यक्रम.......................................	15
10.	छात्र विनिमय कार्यक्रम...	15
11.	अतिथि व्याख्याता/ कार्यशाला/ सेमिनार/ मास्टर क्लासेस	15
12.	अध्ययन दौरें..	16
13.	उपकरण...	16
14.	प्रशासन... i) भाफ़िटेसं सोसायटी का गठन... ii) प्रतिनियुक्तियाँ तथा प्रतिनिधि मंडल... iii) नियुक्तियाँ/ सेवानिवृत्तियाँ... iv) 31.03.2016 को भाफ़िटेसं के अनु.जाति/ अनु.जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग की संख्या सहित कुल स्टाफ की संख्या दर्शानेवाली तालिका....................................... v) बजट... vi) पुस्तकालय (पुस्तकें)... vii) फ़िल्म लायब्ररी... viii) वीडियो लायब्ररी... ix) कम्प्यूटरीकरण... x) राजभाषा हिन्दी... xi) रेडिया एफटीआयआय.. xii) बैंठके..	17 17 17 17 17 18 18 18 18 19 19 20 22
15.	वित्त...	23
	अनुबंध - I	24
	अनुबंध - II	31
	अनुबंध - III	32

संगठन

भारतीय फ़िल्म संस्थान की स्थापना सन् 1960 में सूचना और प्रसारण मंत्रालय की अधीनता में भारत सरकार द्वारा की गई थी । सन् 1974 में टीवी स्कन्ध जोड़ने के संस्थान का पुन: नामांकन कर के भारतीय फ़िल्म और टेलीविज़न संस्थान रखा गया । अक्तूबर, 1974 में सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकरण करने के **पश्चात** संस्थान एक सोसायटी बन गया । भाफ़िटेसं सोसायटी में फ़िल्म, टेलीविज़न, संचार, संस्कृति से संबंधित प्रतिष्ठित व्यक्तियों , संस्थान के पूर्व छात्रों तथा पदेन सरकारी सदस्यों को सम्मिलित किया गया । संस्थान पर शासी परिषद का नियंत्रण है, जिसका प्रमुख अध्यक्ष होता है । वर्तमान अध्यक्ष सुप्रसिद्ध अभिनेता श्री गजेन्द्र चौहान है । संस्थान की शैक्षिक नीतियाँ, शैक्षिक परिषद द्वारा निर्मित की जाती है । वित्त संबंधी मामलों पर स्थायी वित्त समिति द्वारा नियंत्रण रखा जाता है ।

संस्थान के दो स्कन्ध हैं - फ़िल्म और टेलीविज़न स्कन्ध तथा फ़िल्म और टेलीविज़न दोनों में पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं । तीन वर्षीय पाठ्यक्रमों में निर्देशन, चलचित्रांकन, ध्वनि मुद्रण और ध्वनि संरचना, संपादन तथा कला निर्देशन और निर्माण संरचना में स्नातकोत्तर पदविका मूलक पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं । संस्थान द्वारा अभिनय में द्वि वर्षीय स्नातकोत्तर पदविका पाठ्यक्रम,फीचर फिल्म पटकथा लेखन में एक वर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी चलाए जाते हैं । टेलीविज़न पाठ्यक्रमों में टेलीविज़न विशेषज्ञता के साथ निर्देशन, इलेक्ट्रॉनिक चलचित्रांकन,वीडियो संपादन, ध्वनि मुद्रण और टीवी अभियांत्रिकी में एक वर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी चलाए जाते हैं ।

भारतीय और टेलीविज़न संस्थान फ़िल्म निर्माण और टेलीविज़न निर्माण की कला और तकनीक में उच्चतम और व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करता है । सन् 1974 से दूरदर्शन के सभी श्रेणी के अधिकारियों को सेवाकालीन प्रशिक्षण भी उपलब्ध करवाता है । दूरदर्शन कर्मियों, भा.सू.सेवा के परीविक्षाधीन अधिकारियों आदि के लिए विशेषज्ञता के क्षेत्रों में लघु पाठ्यक्रम भी संचालित किये जाते हैं । भाफ़िटेसं, राफिसं पुणे के सहयोग से प्रतिवर्ष एक महीने का गहन फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम भी आयोजित करता है ।

वर्ष की प्रमुख घटनाएँ

1. दिनांक 20 अप्रैल,2015 को भारतीय फ़िल्म और टेलीविज़न संस्थान में कर्मचारियों , प्राध्यापकों और छात्रों के प्रभावशाली प्रतिसाद के साथ रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। पूना सर्जिकल इस्टिट्यूट ब्लॅड बॅक पुणे द्वारा आयोजित इस शिविर में कुल 75 व्यक्तियों ने रक्तदान किया।

2. दिनांक 12 से 14 मई, 2015 तक धर्मशाला में एक फ़िल्म रसास्वादन कार्यशाला संचालित की गयी। इस कार्यशाला का आयोजन भाषा विभाग, कला और संस्कृति , हिमाचल प्रदेश सरकार के द्वारा किया गया था। इस कार्यशाला में हिमाचल प्रदेश, पंजाब, जम्मू और कश्मीर के कुल 160 प्रतिभागी सहभागी हुए। श्री इंद्रनील भट्टाचार्य, प्राध्यापक स्क्रीन स्टीडज और रिसर्च के साथ श्री चन्द्रशेखर जोशी,फ़िल्म अनुसंधान अधिकारी ने कार्यशाला का संचालन किया।

3. दिनांक 20 मई, 2015 को भाफ़िटेसं के भूतपूर्व छात्र स्वर्गीय राजेन कोठारी के द्वारा निर्देशित फ़िल्म **दास गुलामों की कैप्टिल** की विशेष स्क्रीनिंग की गयी। स्क्रीनिंग के **पश्चात** अभिनेता यशपाल शर्मा, अभिनेत्री प्रतिभा शर्मा और प्रतीक कोठारी के साथ एक चर्चा हुई।

4. दिनांक 09.06.2015 को पंजाब के माननीय मुख्य मंत्री श्री प्रकाश सिंह बादल ने भाफ़िटेसं का दौरा किया।

5. मेडिटेशन् (ध्यान) को जीवन की एक महत्वपूर्ण थेरपि मनाते हुए दिनांक 11 जून, 2015 को भाफ़िटेसं ने सुप्रसिद्ध प्रस्तुतिकर्ता डॉ निखिल मेहता के मार्गदर्शन में एक मेडिटेशन् सत्र का आयोजन किया। इस मेडिटेशन् सत्र में लगभग 50 स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

6. दिनांक 21 जून, 2015 को भाफ़िटेसं में एक नई शुरुआत के साथ योग दिवस मनाया गया। सुश्री शैलाजा भट्ट, योग प्रशिक्षक ने कर्मचारियों, संकाय-सदस्यों और छात्रों के लिए योग क्लास का संचालन किया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के आसन को प्रदर्शित किया और उनके प्रयोग एवं अवश्यकता के विषयों में स्पष्ट किया।

7. भारतीय सूचना सेवा के परीविक्षार्थियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम :

दिनांक 22 से 31 जुलाई, 2015 तक भाफिटेसं में भा.सू.से के परीविक्षार्थियों के लिए 10 (दस) दिनों का एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संपन्न हुआ। इस पाठ्यक्रम के दौरान आठ परीविक्षार्थियों को मूलभूत टेलीविज़न और फ़िल्म निर्माण तकनीकी का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में थ्योरी क्लासों और प्रयोगिक (प्रक्टिल) को सम्मिलित किया गया। भारतीय फ़िल्म और टेलीविज़न संस्थान के प्राध्यापकों ने कैमरा, संपादन, ध्वनि और निर्देशन आदि विषयों पर व्याख्यान दिये और प्रयोगिक (प्रक्टिल) भी संचालित किये।

8. निम्नलिखित प्रतिनिधि मंडल ने अगस्त 2015 के महीने के दौरान भाफ़िटेसं का दौरा किया :

क) दिनांक 17.08.2015 को बंगलादेश के प्रतिनिधि मंडल ने दौरा किया।

i) श्री मर्तुजा अहमद, सचिव, सूचना मंत्रालय, बंगलादेश
ii) डॉ मोहम्मद जहॉगीर होस्साइन, मुख्य कार्यकारी , बंगलादेश सिनेमा और टेलीविज़न
iii) श्री मोहम्मद होकुए चौधरी, मंत्री (प्रेस) , बंगलादेश उच्च आयुक्त, नई दिल्ली

ख) दिनांक 21.08.2015 को सूचना और प्रसारण मंत्रालय समिति का दौरा :

i) श्री एस.एम.खान, (प्रेस), कुलसचिव भारत के समाचारपत्र
ii) श्री अंशु सिन्हा, निदेशक, फ़िल्म, सूचना और प्रसारण मंत्रालय
iii) श्री एस नागनाथन, अवर सचिव, सूचना और प्रसारण मंत्रालय

9. 14 वें मुम्बई अन्तर्राष्टीय फ़िल्म समारोह, मुम्बई में दिनांक 29 जनवरी, 2016 को सुप्रसिद्ध लघु फ़िल्म निर्माता सुश्री सुरभि शर्मा और निदेशक ,श्री प्रशांत पाठराबे के द्वारा भाफ़िटेसं की सुप्रसिद्ध पत्रिका लेन्साइट (अक्तूबर-दिसम्बर 2015) का विमोचन किया गया। इसके **पश्चात** सुश्री सुरभि शर्मा ने पटकथा संरचना : फ्रेमिंग दा डाक्यूमेंट्री विषय पर लेन्साइट मास्टर क्लासेस संचालित की। श्री चन्द्रशेखर जोशी, फ़िल्म अनुसंधान अधिकारी, लेन्साइट के कार्यकारी संपादक थे।

अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोहों से आमंत्रण

भाफ़िटेसं छात्र फ़िल्मों ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना अच्छा प्रभाव डाला और विश्व भर के बहुत से अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोहों के प्रतियोगिता तथा अन्य अनुभागों में फ़िल्म स्क्रीनिंग के लिए आमंत्रण प्राप्त हुए है।

निम्नलिखित सूची विश्व के विभिन्न भागों में हमारी फ़िल्मों की लोकप्रियता दर्शाती है :

1. दिनांक 4 से 9 मई, 2015 तक आयोजित न्यू यॉर्क भारतीय फ़िल्म समारोह, **सीक एण्ड हाइड** - निर्दे. श्री मनोज कुमार निठरवाल

2. दिनांक 4 से 7 सितम्बर, 2015 तक आयोजित 42 वाँ टेल्युराइड फ़िल्म समारोह बर्कले कैलिफोर्निया, - **कामाक्षी** निर्दे. श्री सतिदंर सिंह बेदी

3. दिनांक 18 से 25 अक्तूबर, 2015 तक आयोजित तोफिफेस्ट अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, टोरॅन, पोलॅण्ड - **कामाक्षी** निर्दे. श्री सतिदंर सिंह बेदी

4. दिनांक 26 सितम्बर से 3 अक्तूबर, 2015 तक आयोजित XXV मैसेज टू मॅन अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, सेंट पीटर्सबर्ग, रुस के अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में - **कामाक्षी** निर्दे. श्री सतिदंर सिंह बेदी

5. दिनांक 27 नवम्बर से 13 दिसम्बर, 2015 तक आयोजित 21 वाँ फेस्टिवल ऑन व्हील, तुर्की- **कामाक्षी** निर्दे. श्री सतिदंर सिंह बेदी

6. दिनांक 3 से 8 नवम्बर, 2015 तक आयोजित कुर्ज फ़िल्म एजेन्तर (केएफए), हैम्बर्ग, जर्मनी में भारतीय सप्ताह - **उदेड बुन** निर्दे. सिद्धार्थ सिन्हा

7. दिनांक 29 अक्तूबर से 5 नवम्बर, 2015 तक आयोजित 17 वाँ ममी मुम्बई फ़िल्म समारोह, मुम्बई में - **आदमी की औरत और अन्य कहानियाँ** (निर्दे. अमित दत्ता) दिनांक 29 अक्तूबर, 2015 को प्रदर्शित की गयी।

8. दिनांक 15 से 22 नवम्बर, 2015 तक आयोजित 9 वाँ एनडीयू (नोट्रे दामे यूनिवर्सिटी) अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, लेवनॉन - **कामाक्षी** निर्दे. श्री सतिंदर सिंह बेदी

9. दिनांक 14 से 21 जनवरी, 2016 तक आयोजित 14 वाँ पुणे अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, - **अरण्यक** निर्दे. सुश्री रेणु सावंत

10. दिनांक 1 से 4 फरवरी, 2016 तक आयोजित 3 रा एनडीएसएफ - राष्ट्रीय डॉक्यूमेंट्री लघु फ़िल्म समारोह प्रतियोगिता, त्रिस्सुर - **कामाक्षी** निर्दे. श्री सतिदंर सिंह बेदी, **सीक एण्ड हाइड** - निर्दे. श्री मनोज कुमार निठरवाल और **सदाबहार ब्रास बॅंड**, निर्दे श्री तुषार मोरे

11. दिनांक 16 से 19 मार्च, 2016 तक आयोजित छठा वाँ एडिशन कॉ फोस्कारी लघु फ़िल्म समारोह, वेनिस, इटली - **अवशेष**, निर्दे. गिरीश कासरवल्ली

12. दिनांक 16 से 20 मार्च, 2016 तक आयोजित 20 वाँ रिगार्ड फ़िल्म समारोह 2016, कनाडा - **मक्खी,** निर्दे. उमेश कुलकर्णी ।

फ़िल्म समारोह में सहभागिता

संस्थान विभिन्न राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोहों में छात्रों की फ़िल्मों को नियमित रुप से भेजता है । दिनांक 01.04.2015 से 31.03.216 तक की अवधि के दौरान विभिन्न फ़िल्म समारोहों में संस्थान की कुल 43 फ़िल्मों को प्रवेश दिया है, जो नीचे दिये गये हैं :-

क्र.सं.	फ़िल्म समारोह का नाम
1	8 वाँ एडिशन अन्तर्राष्ट्रीय डॉक्यूमेंट्री और लघु फ़िल्म समारोह, केरला
2	6 वाँ एडिशन अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, फिजी
3	20 वाँ एडिशन मिलनो फ़िल्म समारोह, इटली
4	20 वाँ एडिशन भूसेन अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, दक्षिण कोरिया
5	31 वाँ एडिशन बर्लिन का अन्तर्राष्ट्रीय लघु फ़िल्म समारोह, बर्लिन
6	63 वाँ सान सेबास्टियन अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, 14 वीं छात्र मीटिंग, स्पेन
7	19 वाँ एडिशन अन्तर्राष्ट्रीय कुर्ज़फ़िल्मटॅग विंटेर्थुर, स्वीट्जरलैण्ड
8	लुनार्टिस 2015 प्रतियोगिता, वीडियो ऑर्ट एसोशियन वीडियोमेडेजा, सेर्बिया
9	19 वाँ एडिशन अन्तर्राष्ट्रीय बाल फ़िल्म समारोह , भारत, द गोल्डन एलिफन्ट्, मुम्बई

10	14 वाँ अन्तर्राष्ट्रीय छात्र फ़िल्म और वीडियो समारोह ,वीजिंग फ़िल्म एकेदमी (आईएसएफवीएफ), चीन
11	साउथ एशियन डॉक्यूमेंट्री काठमाण्डू समारोह , नेपाल
12	ऑर्ट ऑफ सिनेमाटोग्राफी कॅमरइमेज का 23 वाँ अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, पोलेण्ड
13	8 वाँ कट इन छात्र फ़िल्म समारोह, टाटा समाजिक विज्ञान संस्थान, मुम्बई
14	भारत का 46 वाँ अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, गोवा
15	15 वाँ रिवर टू रिवर फ़िल्म समारोह, फ्लोरेंस, इटली
16	9 वाँ सिग्नस - डॉक्यूमेंट्री और शॉर्ट फीचर का भारतीय समारोह,जॉन अब्राहम राष्ट्रीय पुरस्कार कोच्चि , केरला 2015
17	14 वाँ मिफ्फ मुम्बई अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, 2016
18	13 वाँ कल्पनिर्झर अन्तर्राष्ट्रीय लघु कथा फ़िल्म समारोह, कोलकाता
19	14 वाँ थर्ड आय एशियन फ़िल्म समारोह, मुम्बई
20	12 वाँ इवरत एशियन महिला फ़िल्म समारोह, नई दिल्ली
21	2 रा लिटिल सिनेमा अन्तर्राष्ट्रीय समारोह 2015, कोलकाता
22	4 था कोल्हापुर अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, कोल्हापुर , कलामहर्षि बाबुराव पेंटर फ़िल्म सोसायटी, कोल्हापुर ,
23	14 वाँ पुणे अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह
24	66 वें इन्टरनेशनले फ़िल्मफेस्टेसपिएले बर्लिन
25	8 वाँ जयपुर अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, जयपुर
26	छठा एडिशन का फोस्कारी लघु फ़िल्म समारोह, वेनिस, इटली
27	33 वाँ अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण (इनवायरमेंटल) विषयक फ़िल्म समारोह (फिफे), फ्रांस
28	3 रा एनडीएसएफ - राष्ट्रीय डॉक्यूमेंट्री लघु फ़िल्म समारोह प्रतियोगिता, त्रिस्सुर
29	13 वाँ इंडिएलिसबो - अन्तर्राष्ट्रीय स्वतंत्र फ़िल्म समारोह, पुर्तगाल
31	ग्यारहवाँ सिलेक्ट पुरस्कार प्रतियोगिता, बुल्जेरिया 2016
32	62 वाँ अन्तर्राष्ट्रीय लघु फ़िल्म समारोह ओवेरौसेन, जर्मनी
34	चित्रा भारती फ़िल्म समारोह, इन्दौर, मध्य प्रदेश
35	5 वाँ राष्ट्रीय लघु फ़िल्म समारोह (एनएसएफएफ) , पुणे

36	13 वाँ ग्लोबल चीन विश्वविद्यालय, छात्र फ़िल्म और टीवी समारोह
37	18 वाँ सियोल अन्तर्राष्ट्रीय महिला फ़िल्म समारोह
38	फ़िल्मअँटो फ़िल्म समारोह, बैंगलुरु
39	9 वाँ फ़िल्मसाज - लघु फ़िल्म और डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म समारोह, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय,
40	5 वाँ ओलहर दे सिनेमा - कुरीतिबा अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, ब्राजिल
41	15 वाँ एडिशन इमजिन भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, माद्रिद, स्पेन
42	16 वाँ अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, जयपुर
43	2 रा रायपुर अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, रायपुर

पुरस्कार

1. 15 वें न्यू यॉर्क भारतीय फ़िल्म समारोह, न्यू यॉर्क में श्री मनोज कुमार निठरवाल द्वारा निर्देशित **सीक एण्ड हाइड** - ने ' सर्वोत्तम लघु फ़िल्म ' श्रेणी का पुरस्कार जीता ।

2. सम्यक लघु फ़िल्म समारोह पुणे में तुषार मोरे द्वारा निर्देशित **सदा बहार ब्रॉस ब्राण्ड** ने ' सर्वोत्तम निर्देशन ' श्रेणी के लिए पुरस्कार जीता ।

3. 13 वें अन्तर्राष्ट्रीय समारोह सिग्नंस दे नुइट, सारब्रुएकन, जर्मनी में श्री सतिंदर सिंह बेदी द्वारा निर्देशित **कामाक्षी** ने नाइट ऑवर्ड का पुरस्कार जीता ।

4. 12 वें भारतीय फ़िल्म समारोह, स्टुटर्गाट , जर्मनी में श्री सतिंदर सिंह बेदी द्वारा निर्देशित **कामाक्षी** ने लघु फ़िल्म श्रेणी में " सम्मानीय पुरस्कार " प्राप्त किया ।

5. फीजी के अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, 2015 में श्री मनोज कुमार निठरवाल द्वारा निर्देशित **सीक एण्ड हाइड** - ने ' सर्वोत्तम छात्र फ़िल्म ' का पुरस्कार जीता । स्वर्ण रोज ट्राफी और योग्यता प्रमाणपत्र के रुप में पुरस्कार जीता ।

6. 13 वें कल्पनिर्झर अन्तर्राष्ट्रीय लघु कथा फ़िल्म समारोह, कोलकाता में तुषार मोरे द्वारा निर्देशित **सदा बहार ब्रास बॅंड** ने 'सर्वोत्तम भारतीय प्रवेश के लिए ' पैटन पुरस्कार ' जीता ।

7. 13 वें कल्पनिर्झर अन्तर्राष्ट्रीय लघु कथा फ़िल्म समारोह, कोलकाता में राकेश शुक्ल द्वारा निर्देशित **चेत की एक दुपहरी** ने ' विशेष उल्लेखनीय श्रेणी ' के लिए पुरस्कार जीता।

8. 13 वें कल्पनिर्झर अन्तर्राष्ट्रीय लघु कथा फ़िल्म समारोह, कोलकाता में सार्थक भसीन द्वारा निर्देशित **कहानी** ने ' विशेष उल्लेखनीय श्रेणी ' में पुरस्कार जीता।

9. 9 वें एडिशन सिग्नस जॉन अब्राहम राष्ट्रीय पुरस्कार कोच्चि में श्री सतिंदर सिंह बेदी द्वारा निर्देशित फ़िल्म **कामाक्षी** ने ' कथा श्रेणी में सर्वोत्तम लघु फ़िल्म ' के लिए पुरस्कार।

10. 4 थें कोल्हापुर अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह, कोल्हापुर में श्री सतिंदर सिंह बेदी द्वारा निर्देशित फ़िल्म **कामाक्षी** ने ' लघु फ़िल्म कथा श्रेणी ' में पुरस्कार जीता।

11. 4 थें स्मिता पाटिल डॉक्यूमेंट्री और लघु फ़िल्म समारोह , 2015 में रोचक साहू द्वारा निर्देशित - **द बोहेमेन म्युझिशियन** ने ' सर्वोत्तम निर्देशन ' के लिए पुरस्कार जीता।

12. 8 वें जयपुर अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह - जेआईएफएफ में रोचक साहू द्वारा निर्देशित - **द बोहेमेन म्युझिशियन** को ' सर्वोत्तम आनेवाले फ़िल्म ' के लिए पुरस्कार जीता।

13. 14 वें पुणे अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह 2016 में **श्री रंजीत नायर** अंतिम वर्ष के निर्देशन छात्र 2011 बैच ने सुश्री मारिया प्रोचाझकोवा द्वारा स्थापित रु.25000/- का पुरस्कार जीता।

14. 14 वें मुम्बई अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह में श्री सतिंदर सिंह बेदी द्वारा निर्देशित फ़िल्म **कामाक्षी** ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता (45 मिनट तक में) के लिए गोल्डन शंख + रु. 1,50,000/- के साथ ' सर्वोत्तम लघु कथा फ़िल्म ' का पुरस्कार जीता।

15. 14 वें मुम्बई अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह में श्री सतिंदर सिंह बेदी द्वारा निर्देशित फ़िल्म **कामाक्षी** ने रु. 1,00,000 + प्रमाणपत्र के साथ श्री रंगराजन रामबदरन ने ' सर्वोत्तम चलचित्रांकक ' का पुरस्कार जीता।

16. 14 वें मुम्बई अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह में श्री सतिंदर सिंह बेदी द्वारा निर्देशित फ़िल्म **कामाक्षी** के निर्माता श्री प्रशांत पाठराबे ने प्रमाणपत्र और नकद रु.1,00,000/- के साथ स्वर्ण शंख जीता।

17. 14 वें मुम्बई अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह में श्री सतिंदर सिंह बेदी द्वारा निर्देशित फ़िल्म **कामाक्षी** को नकद रु. 1,00,000/- + प्रमाणपत्र के साथ सैंड्रो साधुखान ने ' सर्वोत्तम ध्वनि मुद्रक ' का पुरस्कार जीता ।

18. सावित्री फुले पुणे विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 5 वें राष्ट्रीय लघु फ़िल्म समारोह , 2016 में सतीश मुंडा द्वारा निर्देशित **दृष्टि** के लिए ' सर्वोत्तम ध्वनि संरचना ' का पुरस्कार गौरव कुमार सिंह ने जीता ।

19. सावित्री फुले पुणे विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 5 वें राष्ट्रीय लघु फ़िल्म समारोह , 2016 में अकांक्षा चितकारा द्वारा निर्देशित **ए बेस्ट कॉल्ड ब्यूटी** ने ' सर्वोत्तम फ़िल्म गैर-कथा ' का पुरस्कार जीता ।

20. मीडियाट्रोन 2016 ज्योति फ़िल्मॲटो फ़िल्म समारोह, बैंगलोर में अरुण काबळे द्वारा निर्देशित - **मृगजळ** ने दूसरा पुरस्कार जीता ।

21. मीडियाट्रोन 2016 ज्योति फ़िल्मॲटो फ़िल्म समारोह, बैंगलोर में कोयल सेन द्वारा निर्देशित - **आधार** ने दूसरा पुरस्कार जीता ।

22. मीडियाट्रोन 2016 ज्योति फ़िल्मॲटो फ़िल्म समारोह, बैंगलोर में अंकिता गुप्ता द्वारा निर्देशित - **क्रॉस रोड** ने दूसरा पुरस्कार जीता ।

23. चित्रा भारती फ़िल्म समारोह, इन्दौर, मध्य प्रदेश में महेश कुमार मिश्र द्वारा निर्देशित - **परिवर्तन** ने प्रथम पुरस्कार जीता ।

24. चित्रा भारती फ़िल्म समारोह, इन्दौर, मध्य प्रदेश में वरुण तुटेजा द्वारा निर्देशित - **माझे माहेर पंढारी** ने प्रथम सांत्वना पुरस्कार जीता ।

25. चित्रा भारती फ़िल्म समारोह, इन्दौर, मध्य प्रदेश में रोचक साहू द्वारा निर्देशित - **द बोहेमेन म्युझिशियन** ने दूसरा सांत्वना पुरस्कार जीता ।

26. चित्रा भारती फ़िल्म समारोह, इन्दौर, मध्य प्रदेश में अकांक्षा चितकारा द्वारा निर्देशित - **ए बेस्ट कॉल्ड ब्यूटी** ने ' विशेष ज्यूरी पुरस्कार ' जीता ।

27. यूथ स्प्रिंग फ़िल्म फोस्ट, कालिकट, भारत में अभिलाष विजयन द्वारा निर्देशित **चावेर** ने ' सर्वोत्तम छात्र फ़िल्म ' का पुरस्कार जीता ।

28. कोच्चि अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह , भारत में अभिलाष विजयन द्वारा निर्देशित **चावेर** ने ' सर्वोत्तम छात्र फ़िल्म ' का पुरस्कार जीता ।

29. दिनांक 17 नवम्बर, 2015 पोर्शचे अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता, स्टुर्टगार्ट, जर्मनी में 2009 बैच के संपादन के छात्र **श्री सुमित कुमार** ने उनके द्वारा निर्मित लघु फ़िफ़िल्म के लिए प्रथम पुरस्कार जीता।

30. संपादन - संकाय - सदस्य श्री नीलाजंन दत्ता द्वारा निर्देशित प्रथम फीचर फ़िफ़िल्म **द हेड हन्टर** ने 63 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में क्षेत्रीय फ़िल्म श्रेणी के अंतर्गत सर्वोत्तम वांचो फ़िल्म अरविंदन पुरस्कारम केरला का विशेष उल्लेख ज्यूरी पुरस्कार जीता और 46 वें भारतीय पॉनोरमा विभाग में भी प्रवेश पाया।

निम्नलिखित भाफ़िटेस छात्र फ़िल्मों को केन्द्रीय फ़िल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा प्रमाणित किया गया।

क्र.सं.	शीर्षक	निर्देशक	केन्द्रीय फ़िल्म प्रमाणन बोर्ड प्रमाणपत्र की दिनांक
1.	मृगजळ	अरुण कांबळे	17/07/2015
2.	आजोबांची पतंग	सौरभ खन्ना	18/08/2015
3.	क्रॉस रोडस	अंकिता गुप्ता	04/08/2015
4.	कहानी	सार्थक भसिन	29/07/2015
5.	क्षुद्र	महेश कुमार मिश्र	15/07/2015
6.	माझे माहेर पंढ़ारी	वरुण तुटेजा	18/07/2015
7.	मंगल	महेश कुमार मिश्र	01/05/2015
8.	रेड चिल्ड्रेन	संतोष शर्मा	15/07/2015
9.	शेडो	राकेश कुमार पाईकारा	02/05/2015
10.	द बोहेमेन म्युझिशियन	रोचक साहू	04/08/2015
11.	चेत की एक दुपहरी	राकेश शुक्ल	30/12/2015
12.	चावेर	अभिलाष विजयन	30/12/2015
13.	कामाक्षी	सतिंदर सिंह बेदी	17/08/2015
14.	वॅरीड	वरुण तुटेजा	03/09/2015

फ़िल्म अनुसंधान अधिकारी ने मीडिया अधिकारी के रुप में प्रेस रिलेश्न के बाद स्क्रीन स्टीडज और अनुसंधान विभाग का कार्य संभाला।

प्रवेश

शैक्षिक वर्ष **2015** के प्रवेश के लिए विज्ञापन के परिणामस्वरुप कुल **3088** आवेदन पत्र प्राप्त हुए । भारत के **24** विभिन्न केन्द्रों पर सभी उम्मीदवारों को दिनांक 23.08.2015 को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया गया था । लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर कुल 445 उम्मीदवारों को अभिविन्यास और / या साक्षात्कार के लिए लघु सूची में शामिल किया गया था । प्रवेश प्रक्रिया कार्य जारी है, इसकी समाप्ति पर कुल 120 उम्मीदवारों को निम्नलिखित ब्यौरो के अनुसार प्रवेश दिया जायेगा :–

फ़िल्म में तीन वर्षीय स्नातकोत्तर पदविका पाठ्यक्रम :–

1. निर्देशन और पटकथा लेखन : 10 उम्मीदवार
2. चलचित्रांकन : 10 उम्मीदवार
3. फ़िल्म संपादन : 10 उम्मीदवार
4. ध्वनि मुद्रण और ध्वनि संरचना : 10 उम्मीदवार
5. कला निर्देशन और निर्माण संरचना : 10 उम्मीदवार

टेलीविज़न में एक वर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

1. निर्देशन : 12 उम्मीदवार
2. इलेक्ट्रॉनिक चलचित्रांकन : 12 उम्मीदवार
3. वीडियो संपादन : 12 उम्मीदवार
4. ध्वनि मुद्रण और टीवी अभियांत्रिकी : 12 उम्मीदवार

अभिनय में द्विवर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

1. अभिनय : 10 उम्मीदवार

फीचर फ़िल्म पटकथा लेखन में एक वर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम : 12 उम्मीदवार

पाठ्यक्रम के क्रमानुसार दिनांक 31.03.2016 तक रोल पर कुल छात्रों की संख्या :-

क्र. सं.	पाठ्यक्रम का नाम	वर्तमान छात्रों की कुल संख्या	पुरुष	महिला
1.	फ़िल्म और टेलीविज़न में तीन वर्षीय स्नातकोत्तर पदविका पाठ्यक्रम बैच 2008 25 बैच 2009 07 बैच 2011 57 बैच 2012 42 बैच 2013 47 कुल	09 06 57 42 47 -------- 161	09 05 45 40 42 ------ 141	00 01 12 02 05 ------ 20
2.	अभिनय में द्विवर्षीय स्नातकोत्तर पदविका पाठ्यक्रम बैच 2012 12 बैच 2013 12 कुल	12 12 -------- 24	11 10 ----- 21	01 02 ----- 03
3.	कला निर्देशन और निर्माण संरचना में द्विवर्षीय स्नातकोत्तर पदविका पाठ्यक्रम बैच 2012 09 बैच 2013 11 कुल	09 11 ----- 20	09 06 ----- 15	00 05 ------ 05
4.	टेलीविज़न में एक वर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम बैच 2014 कुल	46 ----- 46	34 ----- 34	12 ----- 12
5.	फीचर फिल्म पटकथा लेखन में एक वर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम बैच 2014 10 कुल	10 ---- 10	06 ----- 06	04 ---- 04
	छात्रों की कुल संख्या	**261**	**217**	**44**

वर्ष **2012** बैच के बाद से एनिमेशन और कम्प्यूटर ग्राफिक्स के लिए कोई प्रवेश नहीं दिया गया ।

छात्र फ़िल्में

अपने शैक्षिक कार्यक्रमों के एक भाग के रुप में छात्र विविध प्रकार की फ़िल्में बनाते हैं। वर्ष 2015- 2016 के दौरान फ़िल्म स्कन्ध के छात्रों ने निम्नलिखित शूटिंग पूरी की।

1. अभिनय छात्र पदविका फ़िल्म	:	01
2. प्ले बॅक शूटिंग	:	09
3. डायलॉग फ़िल्म शूटिंग	:	09
4. वीडियो डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म शूटिंग	:	01
5. पदविका फ़िल्म शूटिंग	:	01

(*) इलेक्ट्रॉनिक चलचित्रांकन पाठ्यक्रम के एक छात्र श्री अनिल औटी ने पाठ्यक्रम को बीच में छोड़ दिया और इसलिए 2014 बैंच में कुल छात्रों की संख्या 46 है।

फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम

भाफ़िटेसं और राष्ट्रीय फ़िल्म संग्रहालय द्वारा आयोजित 40 वाँ फ़िल्म रसास्वादन पाठ्यक्रम दिनांक 1 से 27 जून, 2015 के बीच संपन्न हुआ। योगोश माथुर, सुरेश छाब्रिया, समर नखाते, अनिल झनकार, के हरिहरन, प्राध्यापक इरा भास्कर, अश्विनी कौल, अभिजित रणदिवे, आशीष राजाध्यक्ष,रजनी मजुमदार, शुभजित चट्टॅर्जी, मोइनक विश्वास, अविजित मुकुल किशोर,जेठु मंडुलु ने सुनिश्चित किया कि प्रतिभागियों को कार्यक्रम संबंधी सभी जानकारी प्राप्त हो। कार्यक्रम के फ़िल्म निर्माता अनुभाग के साथ फेस-टू-फेस में **10** फ़िल्मों साहेब, बीवी और गैंगस्टर (निर्दे. तिगमंशु धूलिया) सहित इमेजेंस / रिफ्लेक्शन - अद्दुर गोपालकृष्णन पर एक डॉक्युमेंट्री (निर्दे. गिरीश कासरवल्ली), एन अमेरिकन इन मद्रास (निर्दे. करण बाली), कोर्ट (निर्दे.चैतन्या तम्हाने), एलगोरिंथम्स (निर्दे. आयन मॅकडोनाल्ड), किल्ला (निर्दे. अविनाश अरुण) , इलेक्ट्रिक शेडोज (निर्दे. अविजित किशोर) बदलापुर (निर्दे. श्रीराम राघवान), ऑफ सच टाइम्स (निर्दे.वंदना कोहली), ब्रेकइन

मुम्बई (निर्दे. आकृति कोहली, संदीप कुमार सिंह , श्वेता घोष, सिम डौसंल, सुमित सिंह) को आमंत्रित किया गया था ।

आमंत्रित फ़िल्मों के अतिरिक्त इस पाठ्यक्रम में चुनी गयी अन्तर्राष्ट्रीय और भारतीय फ़िल्मों सहित एफ डब्ल्यू मुरुनाऊ, इंगमर बर्गमॅन, यासुजिरो ओझु, विटोरियो डे सिको , क्रायस्झोतोफ किस्लोवस्की, कनेटो शिंडो, अब्बास किरोस्तामी, अब्रार अल्वी, सत्यजित रे, रितिक घटक, मृणाल सेन,अद्दुर गोपालकृष्णन, कुमार साहनी और कुंदन शाह की फ़िल्मों को स्क्रीनिंग के लिए शमिल किया गया ।

कुछ महत्वपूर्ण फ़िल्म जैसे कि द एक्ट ऑफ किलिंग (जोशुआ ओप्पनेहेइमर) और द पास्ट् (असगर फरहदी) की स्क्रीनिंग की गयी ।

इस अवसर पर रसास्वादन पाठ्यक्रम के सह-संस्थापक श्री पी.के.नायर को भारत में फ़िल्म संस्कृति के प्रसार में दिये गये उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया ।

इसमें देश भर से फ़िल्म आलोचक, शोधकर्ता, शिक्षक, समारोह सह-समन्वयक फ़िल्म विद्वान, पत्रकार, अभिनेता, छात्र और फ़िल्म में रुचि रखने वाले व्यक्तियों सहित लगभग 70 प्रतिभागी सम्मलित हुए ।

लघु पाठ्यक्रम यूनिट

टीवी स्कन्ध के द्वारा दिनांक 13.07.2015 से 31.07.2015 तक भारतीय सूचना सेवा परीविक्षार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया गया ।

छात्र विनिमय कार्यक्रम

-

फ़िल्म संपादन के दो छात्रों को छात्र विनिमय कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 26 मई से 15 जून, 2015 तक ला फेमिस, पेरिस भेजा गया था ।

अतिथि व्याख्याता / कार्यशाला / सेमिनार /मास्टर क्लासेस

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, भाफ़िटेसं में बहुत से अतिथि व्याख्याताओं के द्वारा फ़िल्म और टेलीविज़न के विभिन्न विषयों जैसे कि, निर्देशन, संपादन फ़िल्म, ध्वनि, चलचित्रांकन, अभिनय, पटकथा लेखन, कला निर्देशन, कम्प्यूटर ग्राफिक्स और एनिमेशन, टीवी ध्वनि, टीवी निर्माण, संगीत, भारतीय सौंदर्य और फ़िल्म निर्माण सेट और फ़िल्मों के लिए बजट बनाना, कृष्ण धवल/ इमल्शन टेस्ट की तकनीकियाँ,

मीडिया, समाज और लोक संस्कृति, संचार में थियेटर और कला स्वरुपों का योगदान, इन मुख्य सामाजिक विषय पर कार्यशालओं/ सेमिनारों / मास्टर क्लासों का संचालन किया गया।

अध्ययन दौरें

चलचित्रांकन विशेषज्ञता पाठ्यक्रम के छात्रों ने कलर एनालिसिस, टेलीसिने तथा डिजिटल इंटरमिजिएट प्रोसेस सहित नयी तकनीकियों की जानकारी प्राप्त करने के लिए मुम्बई की विभिन्न व्यावसायिक और डिजिटल लॅबोरेटरी का अध्ययन दौरा किया।

दिनांक 1 और 2 जून, 2015 और 1 मार्च, 2016 को ध्वनि मुद्रण और ध्वनि संरचना के छात्रों ने आधुनिकतम निर्माणोत्तर तकनीकियों की जानकारी प्राप्त करने के लिए डॉल्बी टेकनालॉजी प्राइवेट लिमिटेड, मुम्बई का दौरा किया।

उपकरण

ध्वनि विभाग (फ़िल्म स्कंध) ने प्रशिक्षण अभ्यास के लिए निम्नलिखित आवश्यक उपकरणों को प्राप्त किया है :

एविड एस **6** एम **40** पावर कंट्रोल सर्फ़ेस	**2**
ॲपल मॅ बुक प्रो लैपटोप	2
व्हाइट बोर्ड और ऐक्सेसरीज़	2

टीवी कॅमेरा विभाग ने : न्यू कॅमेरा और ऐक्सेसरीज़ एजेपीएक्स **- 5000 - 2** यूनिटस के साथ ट्राइपॉड**,** मॉनिटर और अन्य सहायक उपकरणों , मॅकबुक प्रो लैपटोप , इक्स्पोजर मीटर को प्राप्त किया ।

टीवी अभियंता विभाग द्वारा निम्नलिखित नये उपकरणों को आस्थापित किया गया :

ब्लु - रे रिकॉर्डर जेवीसी मेक - 1

टीवी स्टूडियो - I के कंट्रोल रुम निर्माण में न्यू एलईडी हाऊस लाइट सिस्टम

व्याख्यान कक्ष I और III में पॅनासोनिक वीडियो प्रोजेक्टर के आस्थापना का कार्य किया गया।

प्रिव्यू थिएटर के लिए 5.1 सराउन्डिग सॉउड सिस्टम को प्राप्त किया ।

व्याख्यान कक्षों और अन्य तकनीकी क्षेत्रों के लिए 15 केवीए ऑनलाइन यूपीएस को प्राप्त किया ।

प्रशासन

भाफ़िटेसं सोसायटी का संविधान

श्री गजेन्द्र चौहान , सुप्रसद्धि अभिनेता को भाफ़िटेसं सोसायटी के अध्यक्ष और शासी परिषद के अध्यक्ष के पद पर दिनांक 02.03.2014 से 01.03.2017 तक तीन वर्षों की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है ।

(अनुबंध - I)

प्रतिनियुक्तियाँ तथा प्रतिनिधि मंडल

(I) श्री संदीप चॅटर्जी , प्राध्यापक फ़िल्म निर्देशन, भाफ़िटेसं बंगलादेश, ढाका में दिनांक 15.05.2015 से 28.05.2015 तक निर्देशन विषय पर संचालित दो सप्ताह की अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला के लिए भेजा गया ।

नियुक्तियाँ/ सेवानिवृत्तियाँ

रिपोर्टाधीन वर्ष को दौरान विभिन्न श्रेणियों के 06 कर्मचारी संस्थान की सेवा से सेवानिवृत्त हुए / की मृत्यु हुई ।

31.03.2016 को भाफ़िटेसं के अनु.जाति / अनु.जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग की संख्या सहित कुल स्टाफ की संख्या दर्शानेवाली तालिका

श्रेणी	स्वीकृत पद	कुल कार्यरत स्टाफ	कुल स्टाफ में अनु.जाति के कर्मचारियों की संख्या	कुल स्टाफ में अनु.जनजाति के कर्मचारियों की संख्या	कुल स्टाफ में अन्य पिछड़े वर्ग के कर्मचारियों की संख्या
' क ' वर्ग	66	34	06	02	03
' ख ' वर्ग	51	33	08	02	03
' ग ' वर्ग	196	84	26	10	13
कुल	**313**	**151**	**40**	**14**	**19**

****

बजट

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा स्वीकृत अनुदान के माध्यम से संस्थान को पूर्णत: वित्तीय सहायता प्राप्त होती है। संस्थान को राजस्व की भी प्राप्ति होती है।

पुस्तकालय (पुस्तकें)

370 पुस्तकें के अतिरिक्त फ़िल्म, टेलीविज़न और कला के विभिन्न पहलुओं से संबंधित दुर्लभ पुस्तकों सहित पुस्तकालय में कुल 30,466 पुस्तकों का संग्रह हो गया है।

पुस्तकालय 22 भारतीय तथा 13 विदेशी पत्रिकाएँ का ग्राहक है । पुस्तकालय को 19 पत्रिकाओं की मानार्थ प्रतियाँ प्राप्त हुई। पाठकों के लिए फोटो कॉपी सुविधा उपलब्ध है। पुस्तकालय सेवा सभी छात्र, स्टाफ सदस्य, लघु पाठ्यक्रम प्रतिभागियों और संदर्भ उद्देश्य के लिए बाह्य शोधार्थियों को भुगतान के आधार पर सेवा उपलब्ध करायी जाती है।

फ़िल्म लायब्ररी

भारतीय और विदेशी फीचर तथा लघु फ़िल्में, अभ्यास सारांशों एवं भारतीय फ़िल्म और टेलीविज़न संस्थान की फ़िल्मों सहित संस्थान की फ़िल्म लायब्ररी में 3006 से भी अधिक फ़िल्मों का संग्रह है।

वीडियो लायब्ररी

विडियो लायब्ररी में भारतीय और विदेशी फीचरों की वी.एच.एस., यू-मॅटिक, डीवी कॅम और बीटा कॅम कॅसटेस् और डीवीडीज लघु फ़िल्में, वृत्तचित्र और छात्रों की फ़िल्में, छात्रों द्वारा तथा टीवी प्रशिक्षार्थियों द्वारा निर्मित टीवी कार्यक्रम, वीडियो वृत्तचित्र आदि का संग्रह है। वीडियो टेप लायब्ररी में दृक श्रव्य सामग्री भी उपलब्ध है, जैसे डिस्क, रिकार्डस, वीडियो कैसेट्स और डीवीडीज तथा सीडीज।

ये टेप छात्रों के लिए फ़िल्मों की विषय वस्तु के विकास एवं निर्माण तकनीक को गहराई से समझने और संपादन मेज पर फ़िल्म के अंशों को जोड़ने के अवलोकन में काफी सहायता प्रदान करती हैं।

कम्प्यूटरीकरण

मल्टीमीडिया विभाग कैम्पस में छात्रों को इंटरनेट का उपयोग प्रदान करने के लिए कम्प्यूटर प्रयोगशाला की सुविधा उपलब्ध करवाता है। साथ ही प्रत्येक विभाग और छात्रों को मेल, आई डी, सर्वर और डाटा स्टोरेज सुविधा, सुरक्षित लॉगिन उपलब्ध करवाई गयी है। ईआरपी कार्यान्वियन का पहला चरण प्रारम्भ हो गया है। लेखा, स्थापना और क्रय अनुभाग को एक साथ जोड़ा जाएगा। मल्टीमीडिया विभाग लड़के के छात्रावास, लड़कियों के छात्रावास, न्यू होस्टल को भी नेटवर्क और लैन कनेक्शन प्रदान करता है, स्टाफ क्वार्टर के लिए लैन कनेक्शन की योजना बनाई है और जिसका कार्य किया जा रहा है। साथ ही पूरे कैम्पस में वाई-फाई सुविधा प्रदान करने का काम भी किया जा रहा है।

राजभाषा हिन्दी

संस्थान में एक अलग हिन्दी कक्ष भी है जो राजभाषा कार्यान्वियन की देखरेख करता है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान हिन्दी कक्ष ने प्रशासनिक कार्यों में हिन्दी के प्रयोग के साथ-साथ, संस्थान के फ़िल्म और टीवी स्कन्ध की शैक्षिक गतिविधियों में हिन्दी के प्रभावी प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षण किया। इन के अतिरिक्त हिन्दी कक्ष ने विविध प्रशासनिक अधिसूचनाओं और अन्य नेमी पत्राचार का हिन्दी में अनुवाद करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

हिन्दी कक्ष ने विभिन्न विभागों / अनुभागों के साथ मिलकर दिनांक 14 सितम्बर से 28 सितम्बर 2015 तक में बड़े उत्साह के साथ हिन्दी पखवाड़ा मनाया। हिन्दी कक्ष ने हिन्दी पखवाड़ा समारोह के एक भाग के रुप में निबंध, प्रश्नोत्तरी और अंताक्षरी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। हिन्दी फीचर फ़िल्म " काबुलीवाला " और टीवी स्कन्ध के छात्रों के दो प्राजेक्टों की स्क्रीनिंग के साथ " हिन्दी सिनेमा में साहित्य का योगदान " विषय पर व्याख्यान आयोजित किया। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान हिन्दी कक्ष ने निम्नलिखित कार्यक्रमों को आयोजन किया।

* संस्थान की राजभाषा कार्यान्वियन समिति की 4 बैठकें हुई।
* भाफ़िटेसं के कर्मचारियो / अधिकारियों के लिए प्रबोध प्रशिक्षण की व्यवस्था की। और आशुलेखन के लिए भी एक अधिकारी को नामित किया गया।

रिपोर्टधीन वर्ष के अन्तर्गत निम्नलिखित विषयों पर हिन्दी कार्यशालाएँ संचालित की गयी।

1. सुरेन्द्र वर्मा के नाटकों की जानकारी,
2. राजभाषा नियम और अधिनियमों की जानकारी
3. भारतीयता और भारतीय भाषाएँ की जानकारी
4. कम्प्यूटर पर हिन्दी में कार्य करने की सुविधा की जानकारी

संस्थान के विभिन्न अनुभागों/ विभागों के सहयोग से हिन्दी कक्ष ने दिनांक 26 से 31 अक्तूबर, 2015 तक सतर्कता सप्ताह मनाते हुए निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किये।

* निबंध प्रतियोगिता
* व्याख्यान - वित्तीय अनुप्रयोग के मानक
* व्याख्यान - क्रय और वित्तीय मामले
* व्याख्यान - ग्राहक जागरुकता (बैंक)

रेडियो एफटीआयआय

अभी रेडियो एफटीआयआय का प्रसारण 8 घंटे प्रतिदिन होता है। वर्ष भर में रेडियो एफटीआयआय ने सरकार द्वारा बनायी गयी कार्यसूची का अनुपालन करते हुए रेडियो कम्युनिटी के लिए विभिन्न कार्यक्रमों को रिकोर्ड किया और गतिविधियों का संचालन किया। जो मुख्य गतिविधियों संचालित की गयी , वे इस प्रकार है :

1. दिनाक 19 से 20 मार्च, 2016 के दौरान विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित छठे रेडियो कम्यूनिटी सम्मेलन, जिसका उद् घाटन सूचना और प्रसारण मंत्रालय के माननीय मंत्री श्री अरुण जटेली ने किया, में श्री संजय चंदेकर, प्रभारी रेडियो एफटीआयआय उपस्थित और सहभागी रहें।

2. दिनांक 15 से 16 फरवरी, तक को पुणे में सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित कम्यूनिटी रेडियो के दूसरा क्षेत्रीय सम्मेलन, जिसका संचालन कम्यूनिटी रेडियो द्वारा किया गया। रेडियो एफटीआयआय ने इस प्रावधान में सक्रिया भूमिका निभायी। निदेशक (भाफ़िटेसं) समापन समारोह के मुख्य अतिथि थे। तथापि श्री जी.बी.सिंह को प्रा. अश्विन सोनोने के साथ मुख्य अतिथि के रुप में नामित किया गया था, ने समापन भाषण दिया।

3. दिनांक 12 से 13 फरवरी, 2016 को उतर महाराष्ट्र विश्वविद्यालय, जलगाँव द्वारा आयोजित कम्यूनिटी रेडियो पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में श्री संजय चंदेकर ने कम्यूनिटी रेडियो के निरंतरता विषय पर पेपर प्रस्तुत किया। रेडियो एफटीआयआय इस संगोष्ठी का सह-आयोजक था।

4. दिनांक 8 से 9 मार्च तक एसएनडीटी विश्वविद्यालय, मुम्बई द्वारा डिजिटल ध्वनि मुद्रण तकनीक विषय पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी में श्री संजय चंदेकर ने एफएम रेडियो और ध्वनि का डिजिटलाइजेशन विषय पर एक पेपर प्रस्तुत किया।

5. दिनांक 30 जून को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में रेडियो एफटीआयआय पर बनायी गयी एक लघु फ़िल्म (गुनगुनाती अनसुनी आवाजे..) ने सेम्का - यूनेस्को का सर्वोत्तम लघु फ़िल्म का तीसरा पुरस्कार जीता। रेडियो एफटीआयआय के एक सदस्य श्री विनय कुमार के द्वारा यह फ़िल्म बनायी गयी थी।

6. आगरा घराना के सुप्रसद्धि कलाकार पंडित वावनराव हलदंकर द्वारा रचित 150 शास्त्रीय स्वरसंगीत की बंदिसों के मुद्रण का प्राजेक्ट रेडियो एफटीआयआय ने हाथ में लिया और उसे पूरा किया।

7. हर छः महीने में ' प्रांरभिक स्तर पर ' वुमन द्वारा बनाये जाने वाले सशक्तिकरण रेडियो कार्यक्रमों के अर्न्तगत बनाये गये वुमन चेंजमेकर कार्यक्रम में सुश्री वंदना चव्हाण, राज्यसभा की सांसद सक्रिय सहभागी हुई।

8. दिनांक 4 और 5 जनवरी, 2016 तक में विद्या वाणी कम्यूनिटी रेडियो, पुणे द्वारा आयोजित कम्यूनिटी रेडियो की राज्य स्तरीय मीट में सहभागिता। रेडियो एफटीआयआय की नीता तुपारे ने विद्यावाणी द्वारा प्रदान किया गया सर्वोत्तम कार्यकर्ता का पुरस्कार जीता।

9. रेडियो एफटीआयआय के द्वारा मौसम परिवर्तन पर एक लघु धारावाहिक का निर्माण किया गया। रेडियो एफटीआयआय के द्वारा सुप्रसद्धि पर्यावरण विशेषज्ञ सुश्री वंदना शिवा का विशेष साक्षात्कार लिया गया। साथ ही दिनांक 4 से 6 नवम्बर तक मौसम परिवर्तन पर तीन दिवसीय सम्मेलन को भी सम्मलित किया गया। दिनांक 17 सितम्बर को नई दिल्ली में ब्रीजिंगी द डिजिटल डिवाइड - टेकनालॉजी पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में श्री संजय चंदेकर उपस्थित रहें।

10. श्री अश्विन सोनोने और श्री संजय चंदेकर ने जैव प्रौद्योगिकी (वायोटेकनालॉजी) मौसम परिवर्तन तथा विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से गाँव स्तर पर परिवर्तन लाना आदि विषयों पर विशेष रुप से डॉ सुधीर मेश्राम (कुलपति, उतर महाराष्ट्र विश्वविद्यालय) से साक्षात्कार किया।

11. तीसरे राष्ट्रीय छात्र फ़िल्म समारोह, भाफ़िटेसं में रेडियो एफटीआयआय के प्रारंभिक स्तर के कार्यकर्ताओं को और नेताओं को एक स्टोर संचालित करने का अवसर प्रदान किया गया। जिसे सफलतापर्वक निभाया गया।

12. जर्मन विशेषज्ञ डॉ अल्मुत हिंटगे और डॉ श्रीकांत बहुलकर के योगदान से अवेस्तन भाषा तथा पारसी समुदाय पर एक विशेष कार्यक्रम रिकार्ड किया गया।

बैठकें

रिर्पटधीन वर्ष की अवधि के दौरान संस्थान की विभिन्न समितियों की निम्नलिखित बैठकें आयोजित की गयी :

क्र.सं.	समिति का नाम	दिनांक
1.	शासी परिषद	07.01.2016
2.	भार्फ़िक्रिटेसं	07.01.2016
3.	स्थायी वित्त समिति	07.01.2016
4.	शैक्षिक परिषद	09.05.2015 25.05.2015

****

वित्त

I) वित्तीय वर्ष **2014-2015** के दौरान योजना और गैर योजना के अन्तर्गत संस्थान के द्वारा किया गया प्रत्यक्ष व्यय निम्नानुसार है :-

क्रम संख्या	विवरण	स्वीकृत बजट अनुदान 2014-2015	संशोधित परिव्यय 2014-2015	अन्तिमतः अनुदान 2014-2015	प्रत्यक्ष व्यय 2014-2015
1.	**गैर योजना**	2101.00	2044.00	2044.00	✻2291.59
2.	**योजना**	2500.00	1900.00	1900.00	1900.00
2(क)	**योजना - मानव संसाधन विकास योजना**	55.00	45.00	45.00	45.00
	कुल :	**4656.00**	**3989.00**	**3989.00**	**4236.59**

✻ प्राप्त राजस्व में से अतिरिक्त व्यय किया गया ।

✻✻ योजना - मानव संसाधन विकास योजना के अन्तर्गत अंतिमतः अनुदान **रु.1,545/-** लाख का पूर्णतः उपयोग किया गया है ।

15. वित्तीय वर्ष 2015-2016 के लिए स्वीकृत बजट अनुदान तथा योजना और गैर योजना के अन्तर्गत दिनांक **31.03.2016** तक किया गया प्रत्यक्ष व्यय निम्नानुसार है :-

(रु. लाखों में)

क्रम संख्या	विवरण	स्वीकृत बजट अनुदान 2015-2016	संशोधित परिव्यय 2015-2016	अन्तिमतः अनुदान 2015-2016	प्रत्यक्ष व्यय 2015-2016
1.	**गैर योजना**	2206	2158	2158	2429.10
2.	**योजना**	1800	1750	1750	1750.00
2. (क)	**योजना- मा.सं.वि.**	55	45	45	45.00
	कुल :	**4061**	**3953**	**3953**	**4224.10**

✻ ✻ प्राप्त राजस्व में से अतिरक्त व्यय किया गया ।

गत तीन वर्षों के स्वीकृत बजट अनुदान तथा प्रत्यक्ष व्यय **अनुबन्ध -II** में संलग्न हैं ।

योजनाओं, परियोजनाओं, कार्यक्रमों, निर्धारित लक्ष्यों, उपलब्धियों और त्रुटि यदि कोई हो तो, उस का विस्तृत विवरण तालिका में दर्शाया गया है, जो **अनुबन्ध -III** में संलग्न हैं ।

अनुबन्ध –I

भाफिटेसं सोसायटी के सदस्यों की सूची	
1.	श्री गजेन्द्र चौहान अध्यक्ष 703 एव्हरटॉप सहकार नगर, जे.पी.रोड, अंधेरी (पश्चिम) मुम्बई-40053
2.	श्री बी.पी.सिंह फायर वर्क्स प्रॉडेक्शन, 108-109 रिचा इंडस्ट्रीयल इस्टेट, ऑफ लिंक रोड, अंधेरी (पश्चिम), मुम्बई – 40053
3.	श्रीमती अंशु सिन्हा संयुक्त सचिव (फ़िल्म) भारत सरकार सूचना और प्रसारण मंत्रालय ' ए ' विंग , शास्त्री भवन नई दिल्ली – 110001
4.	श्री जवाहर सरकार मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रसार भारती सचिवालय (भारतीय लोक सेवा प्रसारणकर्ता) दूसरा तल, पीटीआई बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

5.	डॉ सुभाष शर्मा अतिरिक्त सचिव तथा वित्तीय सलाहकार भारत सरकार सूचना और प्रसारण मंत्रालय " ए " विंग , शास्त्री भवन नई दिल्ली - 110001
6.	श्री पहलाज निहलानी अध्यक्ष केंद्रीय फिल्म प्रमाण बोर्ड, 91, बालकेश्वर मार्ग, मुम्बई-400006
7.	श्री नीना लथ गुप्ता प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम छठा तल, डिस्कवरी ऑफ इण्डिया, नेहरु सेन्टर, डॉ एनी वेसंट रोड, वरळी, मुम्बई-400018
8.	श्री मुकेश शर्मा महानिदेशक फिल्म प्रभाग 24, डॉ गोपालराव देशमुख मार्ग, मुम्बई - 400026

9.	श्री वामन केंद्रे निदेशक, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय बहावलपुर हाऊस , 1 भगवान दास रोड, नई दिल्ली-110001
10.	श्री के.जी.सुरेश महानिदेशक भारतीय जन संचार संस्थान जेएनयू न्यू कैम्पस अरुणा आसिफ अली रोड नई दिल्ली-110067
11.	श्री प्रकाश मगदूम निदेशक राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय विधि महाविद्यालय मार्ग, पुणे-411004.
12.	श्री अमरेश चक्रवर्ती निदेशक, सत्यजित रे फिल्म और टेलीविजन संस्थान, ई.एम.बायपास मार्ग, कोलकात्ता-700094

13.	श्री शशि प्रकाश गोयल संयुक्त सचिव भारत सरकार उच्च शिक्षा विभाग मानव संसाधन विकास मंत्रालय जीवन दीप बिल्डिंग पार्लियामेंट स्ट्रीट नई दिल्ली - 110001
14.	श्री चैतन्य प्रसाद विशेष ड्युटी अधिकारी भारत सरकार सूचना और प्रसारण मंत्रालय " ए " विंग , शास्त्री भवन नई दिल्ली - 110001
15.	श्री श्रवण कुमार मुख्य कार्यकारी अधिकारी बाल चित्र समिति, भारत 8 वाँ तल, फिल्म प्रभाग कॉम्लेक्स 24, डॉ जी. देशमुख मार्ग, मुम्बई-400026
16.	श्री उर्मिल कुमार थपियाल ए-1075/3, इंदिरा नगर, मजार के पीछे लखनऊ-16 (उतर - प्रदेश)

17.	सुश्री अनघा घैसास फ्लॉट सं-10, पुष्पाजंलि अपार्टमेंट, 1218/3, शिवाजी नगर, हॉटेल वैशाली के पास पुणे-411004
18.	सुश्री विद्या बालन तीसरा तल, प्रणेता अपार्टमेंट, मॉनेकजी कूपर स्कूल के सामने, जुहु तारा रोड, मुम्बई-400049
19.	श्री राहुल दत्तात्रय सोलापुरकर लक्ष्मी-कवच , फ्लॉट सं- 301, मॉर्डन कॉलोनी, सर्वे सं -120, कृष्णा हॉस्पिटल के सामने, गुरुदत्ता मित्र मंडल के पास, पौड रोड, कोथरुड, पुणे - 411038
20.	श्री प्रांजल सैकिया हाउस नः- 186, आरोही पथ, चाचल , 6 मिले, खानापाडा, गुवाहाटी-781022 (असम)

21.	श्री नरेन्द्र पाठक बी-501, प्रेस्टिज पार्क , गणेशवाडी, कौंशल्य हॉस्पिटल के पास, नितीन कम्पनी के पीछे, ठाणे (पश्चिम) - 400601
22.	सुश्री भावना सोम्मया रहेजा क्रिस्ट - ।। फ्लॉट सं-2133 ऑफ लिंक रोड अंधेरी (पश्चिम), मुम्बई-400053
23.	श्री राजकुमार हिरानी, 6, गुलदेव सागर, वॉटर फील्ड रोड, बांद्रा (पश्चिम), मुम्बई - 400050
24.	श्री सतीश शाह 201/202, गुरुकुल , दूसरा तल, 14 कलानगर, बांद्रा (पूर्व), मुम्बई - 400051

25.	श्री शैलेश गुप्ता (1) ए-701, सिरिनिटी टॉवर, ओशिवरा, न्यू लिंक रोड, ओशिवरा पुलिस स्टेशन के पीछे, सिटी इन्टनेशनल स्कूल के पास, अंधेरी (पश्चिम), मुम्बई- 400102
26.	श्री इमो सिंह सी/ओ-तोम्बी सिंह, 701, जसमीन- ए, नताशा पार्क - 1, रॉयल कॉलेज के सामने मीरा रोड (पूर्व), ठाणे-401107
27.	श्री भूपेन्द्र कैन्थोला निदेशक, भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान विधि महाविद्यालय मार्ग, पुणे-411004.

अनुबन्ध–II

वर्ष 2014–2015 से पहले के तीन वर्षों का संशोधित परिव्यय, अन्तिम अनुदान तथा प्रत्यक्ष व्यय का विवरण दर्शानेवाली तालिका

2012–2013

विवरण	संशोधित परिव्यय 2012–2013	अन्तिमतः अनुदान 2012–2013	प्रत्यक्ष व्यय 2012–2013
योजना – मा.सं.वि.	30.00	30.00	$ 700.00
गैर योजना	1784.00	1784.00	$$ 2064.32
कुल	**1814.00**	**1814.00**	**2094.32**

2013–2014

क्रम संख्या	विवरण	संशोधित परिव्यय 2013–2014	अन्तिमतः अनुदान 2013–2014	प्रत्यक्ष व्यय 2013–2014	प्रत्यक्ष व्यय 2013–2014
1	**गैर योजना**	1872.00	1927.00	1927.00	*2188.00
2	**योजना**	1500.00	1500.00	1500.00	**1500.00
2 (क)	**योजना–मा.सं.वि.**	55.00	45.00	45.00	**45.00
	कुल :	**3427.00**	**3472.00**	**3472.00**	**3733.00**

2014–2015

क्रम संख्या	विवरण	संशोधित परिव्यय 2014–2015	अन्तिमतः अनुदान 2014–2015	प्रत्यक्ष व्यय 2014–2015	प्रत्यक्ष व्यय 2014–2015
1	**गैर योजना**	2101.00	2044.00	2044.00	**भ**2291.59
2	**योजना**	2500.00	1900.00	1900.00	**भभ**1900.00
2 (क)	**योजना – मा.सं.वि.**	55.00	45.00	45.00	**भभ**45.00
	कुल :	**4656.00**	**3989.00**	**3989.00**	**4236.59**

$$ (2012–2013) योजना – योजना के अन्तर्गत अन्तिमतः अनुदान ₹ 30/– लाख का पूर्णतः उपयोग किया गया ।

$ (2012–2013) गैर – योजना – प्राप्त राजस्व में से अतिरिक्त व्यय किया गया ।

* (2013–2014) योजना – योजना के अन्तर्गत अन्तिमतः अनुदान ₹.1545/–लाख का पूर्णतःउपयोग किया गया ।

**(2013–2014) गैर–योजना – प्राप्त राजस्व में से अतिरिक्त व्यय किया गया ।

भ भ(2014–2015) योजना – योजना के अन्तर्गत अन्तिमतः अनुदान ₹.1945/–लाख का पूर्णतःउपयोग किया गया ।

भ (2014–2015) गैर – योजना – प्राप्त राजस्व में से अतिरिक्त व्यय किया गया ।

अनुबन्ध III

भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान,पुणे -411004

योजनाएं/प्रकल्प/ कार्यक्रम, निर्धारित लक्ष्य, उपलब्धियाँ और त्रुटि, (यदि कोई) हो तो कारणों सहित संपूर्ण जानकारी दर्शानेवाली तालिका **2015-2016**

क्रम संख्या	वार्षिक योजना तथा लक्ष्यों में आपूर्ति की योजनाओं का विवरण	प्राप्तियाँ	यदि कोई त्रुटि हो तो संक्षिप्त में उसके कारणों को दर्शाते हुए
1	2	3	4
(क)	**भाफिटेसं, पुणे को अनुदान**		
1.	मशीनरी और उपकरण	लक्ष्य के अनुसार पूर्ण उपलब्धि।	किसी प्रकार की कमी नहीं है ।
2.	सिविल/बिजली निर्माण कार्य	सी.सी.डब्ल्यू को निधि दी गयी। कार्य प्रगति पर है।	किसी प्रकार की कमी नहीं है ।
3.	छात्रवृत्तियों और छात्रों आदि के लिए विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ कार्यक्रम विनिमय सहित मानव संसाधन विकास पहलू।	लक्ष्य के अनुसार पूर्ण उपलब्धि।	किसी प्रकार की कमी नहीं है ।

* * * * *